## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक– 26.05.2026 (दोपहर–1310 बजे)

**मुख्य समाचार**

1. **प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार के 12 वर्श पूरे होने पर केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने दी बधाई, कहा–श्री मोदी के नेतृत्व में दे”ा विकसित राश्ट्र की दि”ाा में बढ़ रहा आगे।**
2. **भाजपा प्रदेश चुनाव समिति की बैठक में राज्यसभा चुनाव में पार्टी प्रत्याशी उतारने का निर्णय, झामुमो ने निर्वाचन आयोग को पत्र भेज विशेष निगरानी की मांग की।**
3. **मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आज स्कूली ि”ाक्षा साक्षरता और महिला एवं बाल विकास विभाग की योजनाओं की करेंगे समीक्षा।**
4. **रांची में प्रस्तावित रिम्स–2 अस्पताल परियोजना पर चार हजार दो सौ करोड़ रुपये होंगे खर्च, मरीजों को मिलेंगी सुपर स्पे”ायलिटी की सुविधाएं।**
5. **झारखंड में गुटखा, पान मसाला और अन्य तंबाकू उत्पादों की बिक्री पर रोक लगाने के लिए आज से एक महीने तक चलेगा विशेष महाअभियान।**

*********************

केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री पद पर 12 वर्ष पूरे होने पर उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत ने विकास, आत्मनिर्भरता, गरीब कल्याण और महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में ऐतिहासिक बदलाव देखे हैं। अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि 'नारी शक्ति से राष्ट्र शक्ति' के संकल्प के साथ देश विकसित और आत्मनिर्भर भारत की दिशा में लगातार आगे बढ़ रहा है।

*********************

मोदी सरकार के 12 साल पूरे होने पर हजारीबाग के लोगों में खुशी की लहर है। लोगों ने योजनाओं और अन्य सुविधाओं को लेकर सरकार के कार्यों की सराहना की है।

*********************

साहिबगंज जिले में आदिम जनजाति समुदाय के समग्र विकास के उद्देश्य से धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान चलाया जा रहा है। जिले के कुल तीन सौ छत्तीस गांवों के विकास के लिए विभिन्न योजनाओं पर कार्य किया जा रहा है। समेकित जनजातीय विकास अभिकरण, साहिबगंज के परियोजना निदेशक संजय कुमार दास ने बताया कि अभियान का उद्देश्य आदिम जनजाति समुदाय के लोगों को योजनाओं से जोड़ना है।

*********************

भारतीय जनता पार्टी ने झारखंड में आगामी राज्यसभा चुनाव में प्रत्याशी उतारने का निर्णय लिया है। रांची स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू की अध्यक्षता में आयोजित प्रदेश चुनाव समिति की बैठक में सर्वसम्मति से यह फैसला लिया गया। बैठक में आगामी 18 जून को होने वाले राज्यसभा चुनाव को लेकर पार्टी की रणनीति पर चर्चा की गई।

*********************

झारखंड मुक्ति मोर्चा ने भारत निर्वाचन आयोग से राज्यसभा चुनाव के दौरान विशेष निगरानी की मांग की है। झामुमो के महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने मुख्य चुनाव आयुक्त को पत्र भेजकर विधायकों की खरीद फरोख्त की आशंका जताई है।

*********************

भाजपा के प्रदेश महामंत्री अमर कुमार बाउरी ने झामुमो के हॉर्स ट्रेडिंग के आरोपों को निराधार बताया है। उन्होंने कहा कि जिन लोगों की ओर से ऐसे आरोप लगाए जा रहे हैं, क्या उनके पास 56 विधायक हैं।

*********************

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने दुमका के मुफ्फसिल थाना क्षेत्र स्थित सहरघाटी पंचायत में बड़े पैमाने पर अवैध बालू कारोबार का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि प्रशासनिक संरक्षण में प्रतिदिन 50 से 60 ट्रैक्टरों के जरिए अवैध बालू का उठाव और भंडारण किया जा रहा है। उन्होंने दुमका पुलिस और जिला प्रशासन से मामले में एफआईआर दर्ज कर माफियाओं तथा संरक्षण देने वाले अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

*********************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आज स्कूली शिक्षा साक्षरता और महिला एवं बाल विकास तथा सामाजिक विभाग की योजनाओं की समीक्षा करेंगे। इस दौरान विभाग के कार्यों का मूल्यांकन और योजनाओं को लागू करने में आ रही परेशानियों को दूर करने पर भी चर्चा होगी।

*********************

भीषण गर्मी को देखते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के आदेश के बाद हजारीबाग, खूंटी, गुमला, गिरिडीह समेत कई जिलों के थानों के बाहर आम लोगों के लिए प्याऊ की व्यवस्था की गई है। गिरिडीह के पुलिस अधीक्षक विमल कुमार ने बताया कि मुफ़्फ़सिल और पचम्बा थाना परिसर के बाहर प्याऊ की व्यवस्था की गई है।

*********************

रांची में प्रस्तावित रिम्स–2 अस्पताल परियोजना पर 42 सौ करोड़ रुपये की लागत आयेगी, जिसमें एशियन डेवलपमेंट बैंक करीब 26 सौ करोड़ रुपये का लोन देगा। स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में एडीबी टीम के साथ बैठक में निर्माण, वित्तीय प्रबंधन और तकनीकी पहलुओं पर चर्चा हुई। रिम्स–2 को सिर्फ अस्पताल नहीं, बल्कि सुपर स्पेशियलिटी सुविधाओं, आधुनिक चिकित्सा शिक्षा और रिसर्च केंद्र के रूप में

विकसित किया जाएगा ताकि झारखंड के लोगों को इलाज के लिए दूसरे राज्यों पर निर्भर नहीं रहना पड़े। सरकार का लक्ष्य छह महीने में लोन प्रक्रिया पूरी कर दिसंबर 2026 या जनवरी 2027 से निर्माण शुरू कर दो वर्षों में अस्पताल चालू करना है।

**********************

झारखंड सरकार ने राज्य को तंबाकू मुक्त बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए गुटखा, पान मसाला और अन्य तंबाकू उत्पादों के खिलाफ आज से विशेष महाअभियान चलाने का निर्णय लिया है। इस दौरान प्रतिबंधित तंबाकू उत्पादों की बिक्री, भंडारण और अवैध कारोबार पर रोक लगाने के लिए छापेमारी की जाएगी।

**********************

राजधानी रांची के सर्राफा बाजार में आज 22 कैरेट सोने की कीमत एक लाख 48 हजार 100 रूपये प्रति दस ग्राम है, जबकि चांदी की कीमत 2 लाख 78 हजार रूपये प्रति किलो है।

**********************

घरेलू शेयर बाज़ार के संवेदी सूचकांक में दोपहर के कारोबार में गिरावट का रूख है। अंतिम समाचार मिलने तक सेंसेक्स 162 अंक गिरकर 76 हजार 327 जबकि, निफ्टी 19 अंक की गिरावट के साथ 24 हजार 13 पर था।

**********************

आगामी ईद–उल–जुहा–बकरीद को लेकर झारखंड पुलिस अलर्ट मोड में है और डीजीपी तदाशा मिश्रा ने उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में सभी जिलों को सख्त निर्देश जारी किए। डीजीपी ने संवेदनशील और हॉट स्पॉट इलाकों को चिह्नित कर विशेष सतर्कता बरतने, धार्मिक स्थलों पर सीसीटीवी, वीडियोग्राफी और ड्रोन से निगरानी और सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। बैठक में असामाजिक तत्वों पर कार्रवाई, प्रतिबंधित पशुओं की तस्करी रोकने, अंतरराज्यीय चेक पोस्ट पर निगरानी और शांति समितियों के साथ समन्वय पर जोर दिया गया।

*********समाप्त**************